DAV PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
PERIODIC ASSESSMENT-I (2022-23)

- Please check that this question contains 02 pages.
- Check that this question paper contains 08 questions.
- Please write down the serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed 15 minutes prior to the commencement of the examination. The students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.

CLASS-IX
SUBJECT: HINDI

Time Allowed:1 ½ Hours **Maximum Marks : 40**

सामान्यनिर्देश:-

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल 8 प्रश्न हैं।
- प्रत्येक भाग के उत्तर क्रमशः दीजिए।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का उचित क्रमांक अवश्य लिखें।

अपठित-गद्यांश

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए ।** (1x5=5)

ऐसे लोगों का साथ देना हमारे लिए बुरा है जो हमसे अधिक दृढ़ संकल्प वाले हैं, क्योंकि हमें उनकी हर बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है | ऐसे लोगों का साथ देना और भी बुरा है, जो हमारी ही बात को ऊपर रखते हैं, क्योंकि ऐसी दशा में न तो हमारे ऊपर कोई नियंत्रण रहता है और न हमारे लिए कोई सहारा रहता है | दोनों अवस्थाओं में जिस बात का भय रहता है, उसका पता युवकों को प्राय: बहुत कम रहता है | किसी को मित्र बनाने में उसके पूर्व आचरण और स्वभाव आदि का कुछ भी विचार और अनुसंधान नहीं करते | वे उसमें सब बातें अच्छी-ही-अच्छी मानकर अपना पूरा विश्वास जमा देते हैं | हँसमुख चेहरा, बातचीत का ढंग, थोड़ी सी चतुराई या साहस – ये ही दो-चार बातें किसी में देखकर लोग झटपट उसे अपना लेते हैं | विश्वासपात्र मित्र जीवन की एक औषधि है | हमें अपने मित्रों से यह आशा रखनी चाहिए कि वे उत्तम संस्कारों से हमें दृढ़ करेंगे, दोषों और त्रुटियों से हमें बचाएँगे | हमारे सत्य, पवित्रता और मर्यादा के प्रेम को पुष्ट करेंगे | जब हम हतोत्साहित होंगे, तब हमें उत्साहित करेंगे, जब हम कुमार्ग पर पैर रखेंगे, तब वे हमें सचेत करेंगे |

(क) अपने से अधिक दृढ़-संकल्प वाले लोगों का साथ देना क्यों ठीक नहीं होता ?
(ख) अपने से हीन व्यक्ति के साथ क्यों बुरा होता है ?
(ग) मित्र बनाते समय प्राय: हमसे सबसे बड़ी भूल क्या होती है ?
(घ) विश्वासपात्र मित्र को हम एक 'औषधि' के समान क्यों कह सकते हैं ?
(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

व्याकरण

2. **(क)** सही स्थान पर अनुस्वार लगाइए । **(1)**
पतग

(ख) सही स्थान पर अनुनासिक लगाइए । **(1)**
मुह

(ग) उपसर्ग अलग कीजिए – (i) अवगुण (ii) परलोक (iii) परिस्थिति । **(1x3=3)**

(घ) प्रत्यय अलग कीजिए – (i) निचली (ii) वियोगिनी (iii) बुढ़िया । **(1x3=3)**

(ङ) सही स्थान पर विरामचिह्न लगाइए – **(1x2=2)**
कल जिसका बेटा चल बसा वह आज बाज़ार में सौदा बेचने गई है

गद्य-खंड

3. **निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में दीजिए |** **(1x3=3)**

(क) मनुष्य की पोशाकें क्या काम करती हैं ?

(ख) बुढ़िया को कोई भी उधार क्यों नहीं देता था ?

(ग) दूसरे साहब ने अपनी दाढ़ी खुजाते हुए क्या कहा ?

4. लड़के को बचाने के लिए बुढ़िया माँ ने क्या-क्या उपाय किए ? लगभग **40** से **50 शब्दों** में लिखिए | **(4x1=4)**

काव्य-खंड

5. **निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में दीजिए |** **(1x3=3)**

(क) रैदास ने अपने स्वामी को किन-किन नामों से पुकारा है ?

(ख) कवि रैदास कैसी भक्ति करना चाहता है ?

(ग) पहले पद में कवि ने स्वयं को क्या-क्या बताया है ?

6. रैदास के इन पदों का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए | **(लगभग 40 से 50 शब्दों में)** **(4x1=4)**

पूरक-पाठ्यपुस्तक

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **30-35 शब्दों** में दीजिए | **(3x2=6)**

(क) 'गिल्लू' पाठ के आधार पर कौए को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है ?

(ख) गिल्लू के जीवन के अंतिम समय का वर्णन कीजिए |

लेखन

8. किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग **100 शब्दों** में अनुच्छेद लिखिए | **(5x1=5)**

(क) भ्रष्टाचार : एक समस्या
* भारत में भ्रष्टाचार की स्थिति * भ्रष्टाचार के कारण * हल

(ख) इंटरनेट : एक संचार क्रांति
* संचार-जगत में क्रांति * ज्ञान का भंडार * शिक्षा में सहायक

****